सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून दिनांक 26 जुलाई, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) ऋषिकेश की नवनियुक्त निदेशक प्रो0 मीनू सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। गौरतलब है कि प्रो. मीनू सिंह इससे पूर्व पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में पीडियाट्रिक पल्मोनोलॉजी और टेलीमेडिसिन की विभागाध्यक्ष रही हैं। इसके अलावा प्रो. मीनू सिंह ने बच्चों में अस्थमा, तपेदिक और सिस्टिक फाइब्रोसिस जैसी बीमारियों पर शोध कार्य कर चिकित्सा सेवा में अपना अहम योगदान दिया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को एम्स ऋषिकेश की गतिविधियों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि एम्स को उनके लंबे अनुभव का लाभ मिलेगा। उत्तराखण्ड में एम्स जैसा विश्व स्तरीय संस्थान होना हमारे लिए गर्व की बात है। यह लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स जैसे संस्थान को हमेशा अनुसंधान एवं चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में वैश्विक मानकों को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य में उत्कृष्टता विकसित करें ताकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में योगदान दे सके।

..........0..........